web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... दीपावली के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 27 व 28 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 27 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 31

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 3 अपराधी गिरफ्तार

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है. इस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी है. मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है. कहा जा रहा है कि दिल्ली पुलिस की स्पेश सेल और बदमाशों के बीच कंझावाला इलाके में मुठभेड़ हुई है. इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है.

### तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे अजय चौटाला

**» दो हफ्ते की फरलो मंजूर**

नईदिल्ली (आरएनएस)। जननायक जनता पार्टी नेता विधायक दुष्यंत चौटाला हरियाणा में भाजपा सरकार का हिस्सा बन रहे हैं वहीं खबर आई है कि उनके पिता अजय चौटाला की फरलो मंजूर हो गई है. वह इस वक्त तिहाड़ जेल में बंद हैं. उनकी 2 सप्ताह की फरलो मंजूर की गई है. अजय चौटाला आज शाम को या फिर कल सुबह जेल से रिहा हो जाएंगे. उक्त जानकारी तिहाड़ जेल के डीने दी. दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल में जाकर अपने पिता अजय चौटाला से मुलाकात की थी. बताया जा रहा है कि इस दौरान उनकी अपने पिता से हरियाणा की भावी राजनीति पर भी चर्चा हुई. अजय चौटाला और दुष्यंत चौटाला के बीच तिहाड़ जेल में करीब 25 मिनट की मुलाकात हुई थी. हरियाणा के शिक्षक भर्ती घोटाले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और उनके पुत्र अजय चौटाला जेल में बंद हैं. उन्हें अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है.

### महाराष्ट्र में 50-50 फार्मूले पर अड़ी शिवसेना

**» कहा-सीएम पद पर भाजपा लिखित में दे**

मुंबई (आरएनएस)। बेशक हरियाणा में भाजपा सरकार बनाने की मुश्किलें हल कर चुकी है लेकिन महाराष्ट्र में शिवसेना ने उसको आंखें दिखानी शुरू कर दी हैं. आज शिवसेना ने अपने तेवर तल्ख करते हुए कहा कि उसे ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद चाहिए और बीजेपी नेतृत्व को यह लिखित में देना होगा. इस बार के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर चुनाव लड़ी बीजेपी को 105, जबकि शिवसेना को 56 सीटें मिली हैं. इस तरह गठबंधन के पास बहुमत के लिए जरूरी 145 का आंकड़ा मौजूद है, लेकिन शिवसेना के बदले रुख ने सरकार गठन पर सस्पेंस पैदा कर दिया है. उधर, बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने 30 अक्टूबर को विधान भवन में विधायक दल की बैठक बुलाई गई है.

### चिदंबरम के खिलाफ मामला अटकलबाजी नहीं, गंभीर अपराध का हैः सीबीआई

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा है कि आईएनएक्स मीडिया मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के खिलाफ दर्ज मामला सिर्फ अटकलबाजी पर आधारित नहीं है. सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर पुनर्विचार याचिका में सीबीआई ने कहा कि यह तीन मुख्य सबूतों पर आधारित है। पहला गवाहों द्वारा महत्वपूर्ण खुलासे, दूसरा इंद्राणी मुखर्जी का बयान और तीसरा दस्तावेसबूत है. सीबीआई सूत्रों के अनुसार, हम एक छिपे हुए ट्रेल की जांच कर रहे हैं, जिसमें दर्जनों देशों में मौजूद कई बैंक खातों में पैसे जमा किए गए। हमारा मामला स्पष्ट और असंदिग्ध प्रमाणों व सबूतों पर अघारित है, जिसे सीआरपीसी की धारा 161 और 164 के अंतर्गत दर्ज किया गया है. गवाहों ने ऑन रिकार्ड बयान दिया है कि चिदंबरम ने अदालत में गवाही नहीं देने के लिए उनपर दबाव डाला। सीबीआई ने शुक्रवार को अपनी पुनर्विचार याचिका में शीर्ष अदालत में उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों वाली एक पीठ द्वारा आईएनएक्स मीडिया मामले में चिदंबरम को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी। सीबीआई ने कहा कि जांच से पता चला है कि कार्ति पी. चिदंबरम ने अपने स्वामित्व वाली कंपनी एएससीपीएल (एडवांटेज स्ट्रेटजिक) के जरिए छह अन्य कंपनियों से कमीशन के रूप में पैसे प्राप्त किए, जिन्हें एफआईपीबी मंजूरी दी गई थी।

# राष्ट्रपति ने दिव्यांग बाल रोगियों को सहायक उपकरण भेंट किये

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बहिरंग बाल रोगियों और पुनर्वासित दिव्यांगजन बच्चों एवं उनके माता-पिता से वार्तालाप किया। राष्ट्रपति ने दिव्यांगजन बच्चों और उनके अभिभावकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर, दिव्यांग बाल रोगियों को सहायक उपकरण भी भेंट किये गये।



इसके पश्चात, राष्ट्रपति ने संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ भी वार्तालाप किया। संस्थान के तीनों विभागों के प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों का संक्षिप्त विवरण देते हुए जानकारी दी कि संस्थान में किस प्रकार से दिव्यांगजन रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया जाता है।

इस अवसर पर, राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा समाज की सबसे बड़ी सेवा हैं क्योंकि दिव्यांगजन ईश्वर की रचना हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान और संकाय के सदस्य दिव्यांग बच्चों और रोगियों को उचित उपचार प्रदान करने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनकी सराहना करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि वे न केवल शारीरिक उपचार प्रदान करते हैं बल्कि मनोवैज्ञानिक उपचार भी करते हैं। उन्होंने कहा कि वह दिव्यांग बच्चों और संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ दीपावली पर्व को मनाने में आनन्द का अनुभव कर रहे है।

इस अवसर पर, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की सचिव, सुशकुंतला डोई गैम्लिन, पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान की निदेशक, श्रीमती स्मिता जयवंत के अलावा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एवं संस्थान के वरिष्ठ भी अधिकारी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र में बढ़ रहा चक्रवाती तूफान क्यार का खतरा

**» सौ से अधिका नावों और हजारों लोगों को बचाया गया**



मुंबई (आरएनएस)। मुंबई से 310 किमी दूर और पश्चिम रत्नागिरी से 200 किमी दूर चक्रवाती तूफान क्यार का खतरा बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कर्नाटक के मंगलौर बंदरगाह पर 100 मछुआरे बोट को समुद्र से रेस्क्यू कर किनारे लाया गया है। करीब हजार मछुआरों को भी तटीय इलाकों से रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर रखा गया है। इसके साथ ही हजारों लोगों को बंदरगाह के सुरक्षित स्थान में आश्रय प्रदान किया गया। वहीं कर्नाटक में भी भारी बारिश की खबर है।

कर्नाटक के उडुपी के कुछ हिस्सों में आज तेज बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को गोवा, कर्नाटक और दक्षिण कोंकण के तटीय जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग ने बताया था कि हवा की गति 90 किमी प्रति घंटे से 110 किमी प्रति घंटे के बीच हो सकती है। इससे एक दिन पहले मौसम विभाग के मुंबई केन्द्र ने कहा कि अरब सागर में गहरे विक्षोभ के चलते चक्रवाती तूफान क्यार तेज हो गया है।

हवा की गति रविवार तक बढ़कर 200 प्रति घंटे की रफ्तार भी हो सकती है। इस्ट-सेंट्रल अरेबियन सागर में समुद्री वातावरण में भी बदलाव देखा जा सकता है। वेस्ट-सेंट्रल अरेबियन सागर में 28 से 31 अक्टूबर तक हालात बेहद नाजुक हो सकते हैं।

## भूपिंदर सिंह हुड्डा ने की सोनिया से मुलाकात

**» राजनीतिक घटनाक्रम पर की चर्चा**



नईदिल्ली (आरएनएस)। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष भूपिंदर सिंह हुड्डा ने शनिवार को पार्टी आला कमान सोनिया गांधी से मुलाकात की और राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद के राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की। गांधी के आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राज्य में पार्टी के प्रदर्शन से प्रसन्न है। हुड्डा ने कहा, गांधी ने कहा कि प्रदर्शन अच्छा है। वह खुश है। सूत्रों अनुसार दोनों नेताओं ने हरियाणा के राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की और भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि अगर हुड्डा को कुछ समय पहले कमान दी जाती तो पार्टी राज्य में सरकार बना सकती थी।

रियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने हुड्डा के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरी थी और उसने 35 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## भारत में इस्पात की मांग बढ़ने की उम्मीदःप्रधान

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि देश में इस्पात की मांग में काफी वृद्धि हुई है और भविष्य में इसके और बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि भारत 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है। प्रधान ने आज टोक्यो में इस्पात एक्सेस कैपेसिटी पर वैश्विक फोरम की मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में इस्पात की मांग इसके क्षमता विस्तार की प्रेरक शक्ति होगी। उन्होंने कहा मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि भारत में तेजी गति से आर्थिक विकास और ढांचागत विकास के साथ इस्पात की





मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और भविष्य में इसके और बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि 2024 तक भारत 5 ट्रिलियन खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है। इसके अतिरिक्त भारत अगले पांच वर्षों में अपने बुनियादी ढांचे के विकास पर लगभग 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सब देश में इस्पात की मांग के लिए अच्छा है। हम इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत 72 किलो प्रति व्यक्ति के वर्तमान निम्न स्तर से बढ़ाकर 2030 तक 160 किलो प्रति व्यक्ति करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस्पात की भारत की मांग हमेशा इसके क्षमता विस्तार की प्रेरक होगी।

प्रधान ने इस्पात अत्यधिक क्षमता के मुद्दे पर कहा कि भारत में इस्पात क्षेत्र नियंत्रण मुक्त है और यह बाजार ताकतों द्वारा प्रेरित होती है। जैसा कि यह अच्छी तरह विदित है कि भारत अत्यधिक क्षमता में योगदान नहीं देता या इससे प्रभावित नहीं है। उन्होंने कहा हम अत्यधिक क्षमता से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति जागरुक और चैतन्य हैं और इसलिए इस फोरम द्वारा निर्धारित सिद्धान्तों का सम्मान करते हैं।

मंत्री ने वैश्विक स्थिति पर इस्पात अत्यधिक क्षमता का 2015 के संकट के दौरान दुनियाभर के उद्योग पर विध्वंसकारी प्रभाव पड़ा था।

## दिवाली के मौके पर तैनात होंगे 2000 कर्मी

**» फायर सर्विस ने रद्द की छुट्टियां**

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने अपने कर्मियों की छुट्टी आवेदन रद्द कर दिए हैं और उसके 2000 अधिकारी दिवाली के मौके पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात किए जाएंगे. अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि दमकल गाड़ियां पूरी तरह दुरुस्त हों और आपातस्थिति से निपटने के लिए जरूरी चीजों से लैस हों.





अग्निशमन विभाग ने कहा कि पिछले साल की तुलना में उसने इस बार शहर में विभिन्न स्थानों पर 500 अतिरिक्त कर्मी तैनात किए हैं और आपातस्थितियों का संज्ञान लेने के लिए नियंत्रण कक्षों में 25 कर्मी लगाए गए हैं. एक वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी ने कहा, 'इस साल हमारे पास किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त कर्मी हैं और हम विशेष सुविधाओं से लैस हैं.'

पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में दिवाली में आग से संबंधित 261 घटनाएं सामने आई थीं. दिल्ली अग्निशमन सेवा ने कहा कि पिछले साल पटाखों की बिक्री पर पाबंदी के बावजूद उसके पास 200 कॉल आए, इस साल ग्रीन पटाखों की बढ़ती मांग के मद्देनजर उसे इन कॉलों में 10-15 फीसद गिरावट आने की उम्मीद है. शहर में 61 स्थायी अग्निशमन केंद्रों के अलावा अग्निशमन विभाग ने दो अस्थायी स्टेशन भी बनाए हैं.

### मनीष तिवारी ने की भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के लिए भारत रत्न की मांग

नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को भारत रत्न देने की मांग की है। कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर यह मांग की है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्वीट कर जानकारी दी उन्होंने भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को भारत रत्न देने की मांग करते हुए एक चिट्ठी पीएम मोदी को लिखी है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में, तिवारी ने कहा है कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के प्रति उनके अविश्वसनीय प्रतिरोध से देशभक्तों की एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया।

## पहले से ही बीमार चल रहे पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ को आया हार्ट अटैक

इस्लामाबाद। पहले से ही बीमार चल रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को हार्ट अटैक आया है। जियो न्यूज के अनुसार यह माइनर हार्ट अटैक था और अभी उनकी हालत स्थिर है। नवाज शरीफ लाहौर के सर्विसेज अस्पताल में भर्ती हैं। पाकिस्तानी मीडिया के सूत्रों के अनुसार उनके इकोकॉर्डियोलॉजी और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट हुए हैं और उसके रिपोर्ट सामान्य हैं। शरीफ पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। शरीफ का एक ऐसी बीमारी का इलाज चल रहा है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के 69 वर्षीय सुप्रीमो को सोमवार देर रात को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) कार्यालय से लाहौर में सर्विसेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका प्लेटलेट काउंट अचानक गिर गया था। बता दें लाहौर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को चौधरी शुगर मिल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी।

## नायडू ने चारों देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत बनाने की पहल की

नईदिल्ली (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने अजरबैजान के बाकू में 18वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के दौरान अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद अशरफ गनी, वियतनाम की उपराष्ट्रपति सुडांग थि एनजोक थिन्ह, क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डाज़-कैनेल बरमुडेज़ और के वेनेजुएला के बोलीवेरियन गणराज्य के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो मोरोस के साथ बातचीत की।

इन चार गणमान्य व्यक्तियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने अफगानिस्तान, वियतनाम, क्यूबा और वेनेजुएला के साथ सभी क्षेत्रों में भारत के घनिष्ठ संबंधों को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने डॉ. मोहम्मद अशरफ गनी के साथ अपनी बातचीत में जोर देकर कहा कि भारत और अफगानिस्तान में घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, उन्होंने कहा कि लोगों के बीच परस्पर आदान-प्रदान ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत आधार प्रदान किया।



उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक स्थिर, सुरक्षित, एकजुट, समावेशी और समृद्ध अफगानिस्तान का पक्षधर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत, अफगानिस्तान की सरकार और वहां के लोगों के साथ विकास साझेदारी में उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार मिलजुल कर काम करना चाहता है।

नायडू ने 1.1 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक के द्विपक्षीय व्यापार का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें वृद्धि की अपार संभावनाएँ हैं।

उन्होंने चुनाव के सफल आयोजन के लिए अफगानिस्तान को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि इन चुनावों के परिणाम अफगानिस्तान में एकता, स्थिरता और शांति को बढ़ावा देंगे।

उन्होंने शांति और सुलह में सक्रिय और केंद्रीय भूमिका निभाने वाले अफगान सरकार के लिए भी अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने महसूस किया कि स्थिरता और समृद्धि अफगानिस्तान में तभी आएगी जब पिछले 18 वर्षों के लाभ, विशेष रूप से संवैधानिक व्यवस्था और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को संरक्षित किया जाए।

नायडू ने राष्ट्रपति गनी को आश्वासन दिया कि भारत हमेशा अफगानिस्तान की सरकार और वहां के लोगों के भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त के रूप में बना रहेगा।

उन्होंने शनिवार को बाकू में गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन और मंत्रिस्तरीय बैठक के अवसर पर वियतनाम के उपराष्ट्रपति सुडांग थि एनजोक थिन्ह के साथ भी मुलाकात की।

## अंडमान निकोबार द्वीप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण

**» नौसेना प्रमुख ने की आउटपोस्ट में तैयारियों की समीक्षा**



नईदिल्ली (आरएनएस)। नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने ग्रेट निकोबार द्वीप के कैम्पबेल बे में आईएनएस बाज का दौरा किया और कैम्पबेल बे की विभिन्न इकाइयों में तैनात कर्मियों के साथ एक दिन बिताया। नौसेना प्रमुख ने दीपावली के शुभ अवसर पर नौसेना कर्मियों और उनके परिवारों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

वार्तालाप के दौरान, एडमिरल करमबीर सिंह ने दोहराया कि अंडमान निकोबार द्वीप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और समुद्री क्षेत्रों की निगरानी के लिए महत्वपूर्ण क्षमता से युक्त क्षेत्र है। उन्होंने बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में समुद्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने और भारतीय नौसेना की समुद्री निगरानी क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए आईएनएस बाज की सराहना की।

उन्होंने चिकित्सा आपात स्थिति में स्थानीय आबादी के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने के लिए यहाँ तैनात नौसैनिकों की भूमिका की भी सराहना की। (कैंपबेल बे मुख्य भूमि से 1500 किमी और पोर्ट ब्लेयर से 500 किमी दूर है) इस अवसर पर, भारतीय वायुसेना, तटरक्षक जिला मुख्यालय, टैरिटोरियल सेना, सीमा सड़क संगठन, रक्षा नागरिक, ए एंड एन पुलिस और नागरिक प्रशासन के कार्मिक भी उपस्थित थे।